पंजाब केसरी 21/04/2025

# नन्हेड़ा में आयोजित शिविर में 100 लोगों के जांचे नेत्र




*शिविर के दौरान नेत्र जांच करवाने आए व्यक्तियों को आई ड्रॉप्स एवं मुफ्त आंखों के चश्मे प्रदान करते हुए गणमान्य।*

अम्बाला, 20 अप्रैल (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट के रैड रिबन क्लब एवं वाई.आर.सी. ने कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त के नेतृत्व में एल.जे.आई. इंस्टीट्यूट, अम्बाला शहर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गांव नन्हेड़ा, अडॉप्टेड बाय जी.एम.एन. कॉलेज में एक दिवसीय आंखों की मुफ्त जांच का शिविर लगाया।

इस शिविर में गांव के लगभग 100 स्थानीय लोगों ने अपनी आंखों की मुफ्त जांच करवाई।

टीम सदस्यों ने नेत्र जांच कराने आए व्यक्तियों को मुफ्त आई ड्रॉप्स एवं मुफ्त आंखों के चश्में भी प्रदान किए।

इस अवसर पर गांव की एम.सी. प्रियंका, समाजसेवी मास्टर अविनाश कुमार, सुरजीत सिंह, तेजपाल सिंह, डा. सुम्या आई स्पैशलिस्ट, ओम प्रताप, राजेश कुमार, डा. सुमन, गायत्री वाई.आर.सी. सदस्य उपस्थित रहे।